# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 29.09.2023

## प्रकाशनार्थ

**स्वच्छता ही सेवा (एस.एच.एस.) अभियान–2023 के तहत एन.सी.सी कैडेट्स ने स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर 'कचरा मुक्त भारत' बनाने हेतु लोगों को किया जागरूक**

दिनांक 29.09.2023 गोरखपुर। 44 यूपी बटालियन एनसीसी, गोरखपुर के तत्वावधान में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर की एन.सी.सी. प्लाटून/यूनिट के कैडेट्स ने स्वच्छता ही सेवा अभियान (एस.एच.एस.)– 2023 के तहत नौका विहार, रामगढ़ ताल, गोरखपुर पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। एन.सी.सी. कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को 'कचरा मुक्त भारत' बनाने हेतु जागरूक किया। इस स्वछता कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक लोग प्रभावित हुए स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कैडेट्स ने नौका विहार, रामगढ़ ताल के तट पर फैले प्लास्टिक के थैले, प्लास्टिक के बोतल, प्लास्टिक के गिलास, कागज़ के टुकड़े तथा अन्य कूड़े–कचरों को तालाब से निकाला तथा ताल के तट और उसके आसपास की साफ–सफ़ाई की, इस कार्यक्रम में प्लाटून 48 कैडेस ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के अन्त में सी.टी.ओ. डॉ. सुभाष चन्द्र ने स्वच्छता कार्यक्रम के सफल आयोजन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु 44 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सतीश कंवर, एन.सी.सी. इंस्ट्रक्टर श्री सत्येन्द्र कुमार यादव, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों, 44 यूपी बटालियन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा एनसीसी के कैडेट्स को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

उक्त जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने दी।

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क